B

B-01

B.Ed. EXAMINATION, June, 2008

TEACHING OF HINDI

Paper B-01

(Teaching of Hindi)

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 70

भाग-अ

भाग-अ के सभी तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक चयन की सुविधा है। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

1. मातृ भाषा की आवश्यकता और पाठ्यक्रम में मातृ भाषा के स्थान का वर्णन कीजिये। 7+7

अथवा

मातृ भाषा शिक्षण के सामान्य सिद्धान्त स्पष्ट करते हुए मातृ भाषा शिक्षण के उद्देश्यों का विभिन्न स्तरों पर वर्णन कीजिये। 7+7

2. कहानी शिक्षण की उपादेयता समझाइये। छोटी कक्षाओं के शिक्षण हेतु कहानी विधि अधिक प्रभावी होती है। इस कथन की पुष्टि कीजिये। 7+7

अथवा

निगमन विधि व आगमन विधि को ही व्याकरण शिक्षण में क्यों प्रयोग किया जाता है ? इन विधियों को समझाइये तथा अन्तर बताते हुए उदाहरण से अपना उत्तर स्पष्ट कीजिये।

7+4+3

3. पाठ्यक्रम से क्या अभिप्राय है ? पाठ्यक्रम के मुख्य सिद्धान्त कौन-कौन से हैं, स्पष्ट करते हुए पाठ्यक्रम की विशेषताएँ लिखिये।

4+4+6

अथवा

हिन्दी शिक्षण में निदानात्मक परीक्षा का अर्थ स्पष्ट कीजिये। साथ ही वस्तुनिष्ठ परीक्षा पदों के प्रकार उदाहरण सहित लिखिये।

7+7

भाग-ब

भाग-ब के किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है। उत्तर सीमा दो पृष्ठ है।

4. श्रव्य-दृश्य सामग्री का हिन्दी शिक्षण में उपयोग समझाइये।

7

5. वाचन शिक्षण की कौन-सी विधियाँ हैं ? अनुकरण विधि को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये। 3+4

6. भाषा प्रयोगशाला की उपयोगिता बताइये। 7

7. अच्छी पाठ्यपुस्तकों की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

7

8. गद्य शिक्षण के मुख्य सोपानों का उल्लेख कीजिये। 7

9. 'उच्चारण' की शिक्षा का अर्थ तथा महत्त्व बताइये। 4+3

10. 50 अंकों का हिन्दी भाषा की विषयवस्तु लेकर एक नील-पत्र तैयार कीजिये। 7